दिन– रविवार दिनांक– 28 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – वर्ष दो हजार पच्चीस राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और नवाचार के क्षेत्र में गौरवमयी उपलब्धियों से भरा रहा।

02. आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का किया जिक्र। कहा – ऑपरेशन के दौरान जवानों की जबाजी ने गौरव की अनुभूति कराई।

03. मुंगेर के हवेली खड़गपुर में माओवादी संगठन से जुड़े तीन कुख्यात इनामी नक्सलियों ने हथियार के साथ किया आत्मसमर्पण।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में भीषण शीतदिवस की स्थिति जारी। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए जारी किया शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि दो हजार पच्चीस ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। श्री मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया।

———बाइट———

आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश के कोने–कोने से माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण की तस्वीरें सामने आई। लोगों ने अपने–अपने तरीके से अपने भाव व्यक्त किये।

श्री मोदी ने वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जज्बे की प्रंशसा की।

———बाइट———

यही जज्बा तब भी देखने को मिला, जब 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे हुए। मैंने आपसे आग्रह किया था कि हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजें। देशवासियों ने इस अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल के लिए भी वर्ष दो हजार पच्चीस स्मरणीय रहा। श्री मोदी ने विश्व चौंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले पैरा–एथलीटों की भी प्रंशसा की।

———बाइट———

हमारी पुरुष क्रिकेट टीम ने आईआईसी चौंपियंस ट्राफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। भारत की बेटियों ने ॅवउमदे ठसपदक ज्20 वर्डकप जीतकर इतिहास रच दिया। एशिया कप ज्20 में भी तिरंगा शान से लहराया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की।

———बाइट———

विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी भारत ने बड़ी छलांग लगाई। शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय बने, जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक पहुंचे। पर्यावरण संरक्षण और वन्य–जीवों की सुरक्षा से जुड़े कई प्रयास भी 2025 की पहचान बने।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष प्रयागराज महाकुंभ के भव्य आयोजन ने पूरी दुनिया को चकित कर दिया।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ दो हजार छब्बीस में प्रवेश के लिए तैयार है। श्री मोदी ने सभी को वर्ष दो हजार छब्बीस की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बड़ी आशा के साथ भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण युवा शक्ति है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा संस्करण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा।

———बाइट———

अगले महीने की 12 तारीख को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया जाएगा। इसी दिन यंग लीडर्स डॉयलाग्स का भी आयोजन होगा और मैं भी इसमें जरूर शामिल होऊंगा। इसमें हमारे युवा इनोवेशन, फिटनेस, स्टार्टअप और एग्रीकल्चर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने आइडिया शेयर करेंगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नई पीढ़ी की नई सोच और नए तरीकों के साथ भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बेंगलुरू के भारतीय विज्ञान संस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की छोटी–सी संगीत कक्षा अब 'गीतांजलि' में परिवर्तित हो गई है।

———बाइट———

रिसर्च और इनोवेशन इस संस्थान की पहचान है। कुछ साल पहले वहाँ के कुछ छात्रों ने महसूस किया कि पढ़ाई और रिसर्च के बीच संगीत के लिए भी जगह होनी चाहिए। बस यहीं से एक छोटी–सी म्युजिक क्लास शुरू हुई। ना बड़ा मंच, ना कोई बड़ा बजट। धीरे–धीरे ये पहल बढ़ती गई और आज इसे हम गीतांजलि आईआईएससी के नाम से जानते हैं। यह अब सिर्फ एक क्लास नहीं, कैम्पस का सांस्कृतिक केंद्र है। यहाँ हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत है, लोक परंपराएँ हैं, शास्त्रीय विधाएं हैं, छात्र यहाँ साथ बैठकर रियाज़ करते हैं।

---

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं अलग–अलग स्थानों पर सामूहिक रूप से सुना। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इस अनोखे कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश को जोड़ते हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि इस कार्यक्रम में पॉलिटिक्स का पी तक नहीं होता।

———बाइट———

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हर क्षेत्र से जुड़े लोगों को मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलती है।

———बाइट———

---

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय चिकित्सा संघ– आईएमए ने चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत अधिक योगदान किया है। श्री शाह ने अहमदाबाद में आईएमए के कार्यक्रम में कहा कि आयुष्मान भारत योजना से देश में बडा बदलाव आया है।

———बाइट———

स्वच्छ भारत मिशन में हमने हर घर के अंदर एक टॉयलेट का मिशन पड़ा और सरवाइव भी स्वच्छता एक बहुत बड़ा अभियान दिया और इसके कारण आज भारत के स्वास्थ्य के परिदृश्य को बदलने में फायदा किया। फिर फिट इंडिया का अभियान आया आदतें अच्छी कर लो फिट रहने के प्रयास करो तो अपने आप आयुष बढ़ जाएगा।

---

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर में आज तीन इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान माओबादी संगठन से जुड़े जोनल कमांडर नारायण कोड़ा, सब–जोनल कमांडर बहादुर कोड़ा और सक्रिय सदस्य विनोद कोड़ा ने हथियार सौंप दिये। इन तीनों पर तीन–तीन लाख रुपये के ईनाम घोषित किये गये थे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। श्री चौधरी ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जो लोग मुख्य धारा में वापस लौट रहे हैं, सरकार उनकी पूरी सहायता करेगी।

———बाइट——— .

---

राज्य का उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम इलाका भीषण ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जहानाबाद में भीषण शीतदिवस, जबकि अररिया के फारबिसगंज, गया, बक्सर, औरंगाबाद और अरवल में शीत दिवस की स्थिति बनी रही। विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न भागों में शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहने की भी संभावना है।

---बाइट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा का राजगीर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि राशि के आभाव में किसी पंचातयत का कामकाज प्रभावित नहीं होगा। सासाराम में विभागीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि इसकी पक्की व्यवस्था की जा रही है।

---बाइट---

---

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि पिंक बसों में महिलाओं का सफर सहज और सुरक्षित बनाने के लिए महिला चालकों की शीघ्र नियुक्ति की जाएगी। श्री कुमार ने आज औरंगाबाद के आइडीटीआर में पिंक बसों की महिला चालकों के लिए आयोजित प्रोत्साहन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि पूरे राज्य में एक सो पिंक बसे संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रशिक्षण के बाद महिला चालक तैनाती की जाएंगी।

---बाइट---

---

कांग्रेस पार्टी ने विकसित भारत– जी राम जी विधेयक के विरोध में आज पटना में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से गांधी मैदान तक विरोध मार्च निकाला। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि नये विधेयक में महात्मा गांधी का नाम हटाने का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

---बाइट---

---

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण जेटली को उनकी जयंती पर याद किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कंकड़बाग में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय

कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

अररिया जिला समाहरणालय परिसर में कल कैंप लगाकर लघु खनिज भंडारण के लिए लाइसेंस प्राप्ति के लिए जानकारी दी जाएगी। शिविर में दस्तावेज जमा कर बालू, गिट्टी भंडारण के– लाइसेंस बनवाया जा सकता है।

---

खगड़िया के जिलाधिकारी नवीन कुमार ने बुढ़ी गंडक नदी तट पर निर्माणाधीन विद्युत शवदाह गृह और कसरैया धार क्षेत्र का निरीक्षण किया।

---

अरवल जिले में सोन नदी में अबतक पानी नहीं आने के कारण किसानों को गेहूँ के पटवन कार्य में परेशानी हो रही है। प्रत्येक वर्ष बीस से बाईस दिसम्बर तक नहर में पानी आ जाता था।

---

गयाजी में पच्चीस दिसम्बर से पच्चीस जनवरी तक चलने वाले मिनी पितृपक्ष मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री शामिल हो रहे हैं।

---

गोपालगंज जिले के सासामूसा चीनी मिल को दोबारा शुरू करने के लिए चलाया जा रहा धरना प्रदर्शन आज समाप्त हो गया। कुचायकोट के विधायक अमरेंद्र पांडेय के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

---

मुंगेर पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने गई क्यूआरटी टीम पर हमले के मामले में चार ग्रामीणों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – वर्ष दो हजार पच्चीस राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और नवाचार के क्षेत्र में गौरवमयी उपलब्धियों से भरा रहा।

02. आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का किया जिक्र। कहा – ऑपरेशन के दौरान जवानों की जबाजी ने गौरव की अनुभूति कराई।

03. मुंगेर के हवेली खड़गपुर में माओवादी संगठन से जुड़े तीन कुख्यात इनामी नक्सलियों ने हथियार के साथ किया आत्मसमर्पण।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में भीषण शीतदिवस की स्थिति जारी। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए जारी किया शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।